Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 08-05-2022 | अंक 219

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com







## जिला परिषद पूर्वी भाग 06 के प्रत्याशी मुनेजा खातून के द्वारा उनके कार्यकाल में धरातल पर उतारे गए विकास कार्य एवं अनुशंसित विकास योजनाओं की सूचि एवं भावी कार्ययोजना की संकल्प पत्रः-




**जिला परिषद सदस्य मुनेजा खातून के कार्यकाल में जिला परिषद फण्ड से एवम जीप सदस्य के द्वारा अनुसंशित विकास कार्यो की सूचिः**

1 बरही पूर्वी भाग के डपोक, मलकोको, रानीचुवाँ, करियातपुर, धनवार, बरसोत एवं विजैया में पंचायत भवन का निर्माण
2. बरही पूर्वी भाग में जिला परिषद के फण्ड से प्रत्येक ग्राम मे आंगनवाड़ी भवन का निर्माण
3. करीयातपूर से धनवार तक कालीकरण रोड का निर्माण
4. मलकोको गांव में कालीकरण सड़क निर्माण
5. बरियठ्ठा गांव में कालीकरण सडक निर्माण एवं ओरपरता से डपोक तक कालीकरण रोड का निर्माण
6. चलंगा रोड का मरम्मतीकरण
7. हरिजन स्कूल से तिलैया डैम तक सड़क मरम्मती करण
8. विजैया मे पावर सब स्टेशन का निर्माण
9. विजैया में पीसीसी रोड का निर्माण
10. गुडियों उपस्वास्थ्य केंद्र भवन की रिपेयरिंग
11. करियतापूर +2 हाईस्कूल एवं विजैया +2 हाईस्कूल का उत्क्रमण
12. करीयतापूर में नाली निर्माण
13. मोरमगढा से रानीचुवां तक कालीकरण सडक निर्माण
14. बरसोत से जीतुपर तक कालीकरण सडक निर्माण

**जीप सदस्या मुनेजा खातून के अनुशंसा से स्वीकृत हुए योजनाओं की सूचि**

1. करियातपुर में मल्टीपरपस भवन, मैरिज हॉल का निर्माण की स्वीकृति
2. हरिजन स्कूल से तिलैया डैम तक सडक चौडीकरण कार्य की स्वीकृति
3. विजैया से ओरपरता तक सडक निर्माण की स्वीकृति
4. बेहरवाटांड से गरजामू के बीच पुलिया निर्माण की स्वीकृति
5. पिपराटांड से डपोक तक सडक निर्माण की स्वीकृति

**भावी कार्ययोजना ( संकल्प पत्र)**

1. विजैया को प्रखंड के दर्जा दिलाना,
2. विजैया में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ओपी की स्थापना कराना
3. नल जल योजना से सभी पंचायत को जोड़ना और जल मीनार का निर्माण कर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था कराना।
4. सोलर संचालित योजना को मूर्त रूप देकर किसानों के खेत तक सिंचाई की व्यवस्था करना।
5. प्रत्येक पंचायत में एक खेल मैदान का निर्माण हेतू प्रयास करना।
6. महिला सशक्तिकरण को बढावा देकर उनहे स्व रोजगार से जोडना। जो स्वरोजगार से जुडे है उनहे और आगे प्रोत्साहित करना।
7. बराकर नदी के किनारे बसे गांवों को लिफ्ट इरिगेशन से जोडकर सिंचाई की व्यवस्था करना।



निवेदक

मो क्यूम अंसारी
समाजसेवी
बरही पूर्वी भाग संख्या 06

हमारा काम बोलगा, जनता के बीच हमारी पहचान बोलेगा

# बरही पश्चिमी क्षेत्र के जीप प्रत्याशी कुंती देवी का जन संपर्क जारी, ग्रामीणों का मिल रहा जोरदार समर्थन

## आपका हर एक वोट विकास को समर्पित होगा : तापेश्वर प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पश्चिमी क्षेत्र भाग 4 के जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने अपने क्षेत्र के डूमरडीह, काटियोन एवं तुरीयाटोला सहित विभिन्न गांवो का दौरा किया। जहां ग्रामीणों ने इनका जोरदार स्वागत किया, वहीं जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने ग्रामीणों की समस्या को जाना और उनकी समस्या को निदान करने का आश्वासन दिया और ग्रामीणों से अपील किया की बैलेट पेपर के क्रम संख्या दो अ०टो रिक्शा छाप पर मतदान कर मुझे विजयी बनाए जिससे मैं अपने क्षेत्र में विकास की गति को तेज कर सकूं । आप सभी का साथ की जरूरत है, इस बार मतदाताओं ने बदलाव का मन बना लिया है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता तापेश्वर प्रसाद ने कहा की क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त करना और विकास की गति को तेज करना मेरी प्राथमिकता है। वहीं जन संपर्क अभियान में शामिल सभी महिला एवं पुरुषो ने उन्हें मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर तापेश्वर प्रसाद, गुलाब कुमार एवं सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



# पंसस उम्मीदवार कपिल केशरी ने जनसम्पर्क कर मांगा समर्थन

## कहा : हर समस्या के समाधान के लिए संकल्पित रहूंगा



जनसम्पर्क करते कपिल प्रसाद केशरी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य पद के उम्मीदवार कपिल प्रसाद केशरी ने पंचायत के वार्ड संख्या 07 के अंतर्गत आने वाला टोला न्यू रेलवे कोलोनी, शांति नगर, अफीम कोठी एवं रेलवे स्टेशन रोड में जन सम्पर्क अभियान चलाकर अपने लिए समर्थन मांगा। जन सम्पर्क के दौरान कई मतदाताओं ने अपनी अपनी समस्या से अवगत कराया। किसी ने आवास की समस्या बताई तो कई लोगों ने पेंशन नही मिलने की बात बताई। कुछ लोगों ने निर्वतमान प्रतिनिधि के प्रति असंतोष जताया। कपिल केशरी ने सभी को आश्वस्त किया कि आगामी 14 मई को उनके पक्ष में मतदान करें निश्चित तौर पर आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा। डोर टू डोर संपर्क कर अपनी भावी कार्ययोजना से भी अवगत कराया। जनसंपर्क के दौरान रमेश चन्द्रा, सुबोध केशरी, देव प्रकाश केशरी, मनोज सिंह, विकास सिंह, गोलू सिंह, पवन सिंह, विजय गोप, रवि सिंह, संतोष ठाकुर, देव प्रकाश केशरी, सतीश कुमार, मुकेश पंडित सहित कई लोग शामिल थे।





मत-पत्र (बैलेट -पेपर) का नमूना

| क्र. सं. | उम्मीदवार का नाम | चुनाव - चिन्ह |
|---|---|---|
| 1 | अब्दुल अंसारी उर्फ संजय | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |
| 5 | | |
| 6 | | |
| 7 | | |
| 8 | | |
| 9 | | |

निवेदक - समस्त मतदातागण...।










## मुखिया प्रत्याशी सैरा खातून के पक्ष में ग्रामीणों ने की बैठक, समर्थन का आश्वासन



हाथ उठाकर समर्थन करते ग्रामीण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

कोनरा पंचायत के मुखिया प्रत्याशी सैरा खातून के समर्थन में कोनरा तुरी टोला के ग्रामीणों ने बैठक की। अध्यक्षता समाजसेवी नबाब अली एवं संचालन राज आर्यन उर्फ छोटी ने किया। बैठक में मुखिया प्रत्याशी सैरा खातून ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कोनरा तुरी तोला के लोग आज भी उपेक्षित हैं। इन्हें अब तक आवास नही मिल पाया। कच्चे एवं जर्जर मकान में रहने को लोग मजबूर है। कई ऐसे बृद्धा एवम विधवा हैं जिन्हें पेंशन नही मिल पाया। निःसंतान दंपति की हालत ख़राब है। यहां के लोगों के लिए रोजगार का कोई साधन नही है। अफसोस होता है कि अबतक के जन प्रतिनिधि इस पर ध्यान नही दिया। लेकिन मैं विश्वास दिलाती हूँ कि आपकी हर समस्या का समाधान करूँगी। उन्होंने एक बार समर्थन करने की अपील की। सभी ने हाथ उठाकर समर्थन करने का आश्वासन दिए। मौके पर समाजसेवी नबाब अली, कैसर प्रवीण, अजय तुरी, अनिल तुरी, बिनोद तुरी, दिनेश तुरी सहित काफी संख्या में महिलाएं थीं।

## जीप प्रत्याशी मंजू देवी ने किया जनसंपर्क, गिनाई उपलब्धियां

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जन सम्पर्क करते मंजू देवी

बरही मध्य भाग की जिला परिषद सदस्य प्रत्याशी मंजू देवी रविवार को खोड़ाहर के विभिन्न गांवों में जन सम्पर्क कर अपने लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद एवं समर्थन से मैं पांच साल के लिए जीप सदस्य निर्वाचित हुई थी। इन पांच सालों में मैंने बरही मध्य भाग के खोड़ाहर, गौरियाकर्मा, कोल्हुआकला, दुलमहा एवम भंडारों में पंचायत भवन बनाने का काम की। जिसके माध्यम से पंचायत का विकास किया जा रहा है। छोटे छोटे बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए दो दर्जन से अधिक आंगनबाड़ी भवन बनाए गए है। एक दर्जन से ऊपर सड़के बनाई गई। विकास के कई योजनाओं को धरातल पर उतरी गई है। इस बार एक मौका और दें। शेष बच्चे कार्यो को धरातल पर उतारूंगी। सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने सभी को अपने संकल्प पत्र के बारे में जानकारी दी। मौके पर कई लोग उनके समर्थन में जन सम्पर्क कर रहे हैं।।












सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर






# मुखिया प्रत्याशी रघुनंदन यादव ने किया जन सम्पर्क, मतदाताओं के बीच रखा अपना संकल्प पत्र

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बेन्दगी पंचायत के मुखिया प्रत्याशी रघुनंदन यादव ने कोयली, बेन्दगी , उजैना एवं हरिजन टोला में जन सम्पर्क अभियान चलाया। जनसम्पर्क करते हुए उन्होंने जनता के समक्ष भावी कार्ययोजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेन्दगी पंचायत डीवीसी तिलैया डैम से विस्थापित है। विस्थापन का दंश झेल रहे इस पंचायत के विकास के लिए काम करना प्राथ. मिकता रहेगी। बराकर नदी से लिफट इरिगेशन के माध्यम से बेन्दगी, कोयली, हसमदाग, पोड़ैया गांव के किसानों के घर तक सिंचाई की व्यवस्था करने का प्रयास रहेगा। पोड़ैया एवं कोयली गांव को पर्यटन के रूप में विकसित करने , मत्स्यपालन से जुड़े लोगों के लिए संसाधन मुहैया करना एवं स्वरा. `जगार के लिए प्रेरित करना,ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के तहत गांव गांव तक पेयजल की व्यवस्था करना,शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण सड़क , बिजली एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देना एवं वृद्धवस्था, विधवा एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराने आदि जैसे काम को प्राथ. मिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास रहेगा।












सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर
















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बरसोत मुखिया प्रत्याशी विशुनधारी महतो ने क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान, मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरसोत पंचायत से मुखिया उम्मीदवार विशुनधारी महतो ने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। विशुनधारी महतो ने क्षेत्र के श्रीनगर, बरसोत आदि गांवों का भम्रण कर मतदाताओं से अपने लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि मुखिया प्रतिनिधि रहते हुए तथा मैने हमेशा क्षेत्र में लोगों के साथ रहकर समाजसेवा और गरीबों को मदद किया है। क्षेत्र में कई विकास कार्यो के साथ साथ प्रधानमंत्री आवास, गली–नली, सड़क, चबूतरा, जल मीनार, पेंशन योजना, इत्यादि कई योजनाओं का लाभ लाभुको तक तक पहुंचाया। अधूरे विकास को घरातल पर लाने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ गरीब, जरुरत मंदों को दिलाने का हर संभव प्रयास करुंगा। कहा कि क्षेत्र में कृषि की समुचित व्यवस्था, स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाना प्राथमिकता होगी। उन्होंने पंचायत की जनता से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि 14 तारीख को ब्रेड टोस्टर छाप क्रम संख्या– 7 पर मोहर लगाकर विजय बनाएं तथा विकास के रथ को आगे बढ़ाने में अपना आशीर्वाद अवश्य दें।
















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मातृ दिवस पर मां के दो मासूम बच्चे किए गए अगवा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



एक ओर मातृ दिवस पर बच्चे अपनी मां के प्रति प्यार जता रहे हैं वहीं, दूसरी ओर एक मां के दो बच्चों को अगवा किए जाने के बाद रो-रोकर मां का कलेजा फटा जा रहा है। मामला विष्णुगढ़ प्रखंड के जोबर पंचायत के जामुनटांड टोला का है। बताया जाता है कि टोला के चेतलाल महतो व मंजू देवी के दो बेटे आयुष कुमार तथा आर्यन कुमार उम्र क्रमशः छह व साढ़े तीन साल घर के पास स्थित बरगद के पेड़ के नीचे खेल रहे थे। इसी बीच अपहर्ता दोनों बच्चों को समोसा खिलाने का प्रलोभन देकर जंगल की ओर ले गया। थोड़ी देर के बाद मां ने जब बच्चों की खोजबीन की तो कहीं पता नहीं चला। इस बीच किसी ग्रामीण महिला के द्वारा जानकारी दी गई कि दोनों बच्चों को उसने खरकी पंचायत के केंदुआडीह निवासी शुकर महतो के साथ जाते देखा है। हो-हल्ला होने पर ग्रामीण जुटे और बच्चों की खोजबीन शुरू की। केंद.आडीह जाकर अपहर्ता के घर जाकर भी देखा तो वह घर पर मौजूद नहीं था। अनहोनी की आशंका से दर्जनों ग्रामीण बाइक से भी जंगल की ओर ढूंढ़ने निकले। दोनों मासूम बच्चों का कहीं पता नहीं चल सका। इसकी सूचना विष्णुगढ़ पुलिस तथा पेंक थाना की पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और परिजनों का बयान लेकर अपने स्तर से बच्चों के खोजबीन में जुट गई है। बताया जाता है कि अपहर्ता का टोले में रिश्तेदारी है। पूर्व में वह चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। दो बच्चों का एक साथ अगवा किए जाने से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। विष्णुगढ़ थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने बताया कि छानबीन की जा रही है। अपहर्ता को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## गजवा पंचायत से जनता ने सेवा का मौका दिया तो क्षेत्र का विकास ही विकास करेंगे-पूनम कुमारी

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



प्रतापपुररू पंचायत चुनाव के लिए प्रत्याशी दिन रात एक करके चुनाव प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। वही प्रतापपुर के गजवा पंचायत चुनाव को लेकर सभी प्रत्याशी वोटरों को लुभाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में प्रत्याशी एवं समर्थक के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पूनम कुमारी घूम रही हैं। और अन्य समर्थकों के साथ गजवा में वार्डों में लोगों से मिल रहे हैं। गजवा पंचायत के मुखिया उम्मीदवार पूनम कुमारी अपने पंचायतो में भ्रमण कर अपने वोटरों से दूरबीन छाप पर मतदान करने की अपील की। प्रचार के क्रम में पूनम कुमारी ने पत्रकारों से बात करते हुए बोली की मैं गजवा पंचायत से पंचायत समिति सदस्य रह चुकी हूं। साथ ही उन्होंने ने बताई मैं इस बार मुखिया उम्मीदवार के रूप में आई हूं वो मैं खुद से नही बल्कि मुझे जनता ने खुद मैदान में उतारा है। और मैं इसी विश्वास के साथ नामांकन कर भाग्य आजमा रही हूं। और मैं मुझे ग्रामीणों का भरपूर समर्थन मिल रहा है जिससे देखकर मुझे पूर्ण विश्वास है कि मैं गजवा पंचायत से विजय हासिल कर जनता की सेवा करूंगी व अपने वोटरों से वादा किया कि अगर जनता का आशीर्वाद मिला और मुझे सेवा करने का मौका दिया तो मैं क्षेत्र संख्या सात में विकास की गंगा बहा दूंगी साथ ही इस क्षेत्र से भर्ष्टाचार का नामोनिशान मिटा दूंगा। समाज में छुआ-छूत, अमीर-गरीब एवं छोटे बड़े का सम्मान और छोटे बड़े का भेद भाव जैसे कुरीतियों का जड़ से समाप्त करने के लिए संघर्ष करूंगी और करते ही रहूंगी और घर परिवार का बेटी हूँ और मुझे उम्मीद है आपके एक वोट के साथ ही आशीर्वाद दे।

## लोक लुभावन नारो से गूँज रहा चौपारण, बन रहे है हमदर्द, कहला रहे है गरीबो का मशीहा

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




पहले चरण का चुनाव प्रचार अब जोर पडकने लगा है। ऐसे में उम्मीदवार अपने जीत के लिए हर हथकंडे अपना रहा है। हर ओ वादा करने व निभाने को तैयार है जो जनता को चाहिए। लोक लुभावन नारो से गांव की गलियां गूंज रही है। कोई जनता का हमदर्द बन रहे है तो कोई अपने आप को गरीबो का मसीहा साबित करने में लगे है। उम्मीदवार शिक्षित, ईमानदार, सुयोग्य, संघर्षशील आदि हो न हो लेकिन बैनर पोस्टर में अपने आप को ईमानदार छवि, शिक्षित उम्मीदवार आदि कहलाने में पीछे नही है । चुनाव आते ही उम्मीदवार बड़ी बड़ी घोषणाएं तो कर देते है लेकिन चुनाव बाद ये घोषणाएं महज कागज के टुकड़ों तक ही सीमित रह जाता है हालांकि प्रखण्ड के कई ऐसे उम्मीदवार भी रहे है जिन्होंने अपने वादों को पूरा किया और जनता के बीच मजबूती से अपनी उम्मीदवारी पेश किए है। इन दिनों उम्मीदवारो के लिए प्रचार प्रसार का एक बड़ा माध्यम फेसबुक व व्हाट्सअप्प जैसे शोशल मीडिया बना हुआ है। जमीनी हकीकत से दूर कई उम्मीदवार सोशल मीडिया पर ही अपने प्रतिद्वंद्वियों पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे है और जीत का सपना पाले हुए है। बहरहाल आने वाला 14 मई तय करेगा कि कौन अपने वादों से जनता को अपने पक्ष में कर पाते है और किसके वादे इरादों को जनता शीरे से खारिज करते है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बूथ पर झारखन्ड पुलिस की होगी तैनाती

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022में सभी मतदान केंद्रों पर झारखंड पुलिस की तैनाती रहेगी। प्राप्त विभागीय जानकारी अनुसार केंद्र से मिले बल की तैनाती मतदान केंद्रों पर ना हो कर उन्हे अतिसंवे. दनशील क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों के आस पास गस्ती (पेट्रोलिंग) करने और विधि व्यवस्था में तैनाती की जायेगी। मतदान केंद्रों पर जिला पुलिस बल, रैप, एसटीएफ, एमआईएसएफ और होमगार्ड की तैनाती की जायेगी। झारखन्ड राज्य के 24जिलों में से वर्तमान में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 14है। झारखंड राज्य की सीमा बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और छत्तीसगढ से जुड़ी होने के कारण नक्सली पंचायत चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। पुलिस प्रशासन , जिला प्रशासन और राज्य सरकार ने शांतिपूर्ण तरीके से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दे रही है। आसामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।




## जनता का मिल रहा साथ जनता पर है विश्वाश : राकेश रंजन

### जीप उम्मीदवार ने दर्जनों गावो में चलाया जनसम्पर्क अभियान, माँगा जनसमर्थन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



जिला परिषद उम्मीदवार भाग एक से राकेश रंजन अपने चुनावी अभियान को तेज किया। दर्जनों गावो का दौरा कर चलाया जनसम्पर्क अभियान। इस राकेश रंजन ने पपरो, अकुरवां, बेला, ढाब, भदेल, भुषणडीह, आदि गांवों में मतदाताओं से मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। राकेश रंजन ने बताया कि हम लगातार जनता के बीच पहुँच रहे है जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। कहा युवाओ का साथ लगातार मेरे मनोबल को बढ़ा रहा है। कहा जनता पर इस बार मुझे विश्वाश है कि इस बार जीत का सारे रिक०र्ड टूटेगा। राकेश ने कहा कि मैं जिला परिषद क्षेत्र के सभी पंचायतो व गांवों का दौरा कर रहा हूँ जहां जाता हूँ समस्याएं ही समस्या नजर आती है। मैं जानता को आश्वस्त करता हूँ अगर मुझे मौका मिला तो मैं अपने क्षेत्र में आने वाले पंचायतो में विकास की नई लकीर खींचूंगा। राज्य व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जो आम जनता तक नही पहुँच पाता उसे जनता तक पहुंचाने के कार्य करूँगा। मैं अपने क्षेत्र वासियो को विश्वाश दिलाता हूं कि आपके मान सम्मान में कोई कमी नही आने दूँगा।

## ईस्ट जॉन वेट्रेन क्रिकेट टूर्नामेंट में गिरिडीह रहा दूसरे नंबर पर

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**






कीनन स्टेडियम में खेले जा रहे ईस्ट जोन वेट्रेन क्रिकेट टूर्नामेंट में आज रविवार को गिरिडीह और जमशेदपुर टीम के बीच हुए रोमांचक मैच में गिरिडीह की टीम मात्र 2 रन से हार गई।,जमशेदपुर की टीम पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जमशेदपुर टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 151रन बनाया, जिसमे कमल कुमार सिंह ने 42 रन और सौभाग्य ने 32 रन का योगदान दिया।,गिरिडीह के द्वारा अच्छी बोलिंग की गई, रमेश यादव को ईस्ट ज०न का बेस्टविकेट कीपर का पुरुस्कार दिया गया। उमेश राउत को इस मैच का बेस्ट ब०लर का पुरुस्कार मिला।, संतोष तिवारी,बबलू शर्मा,अमित रंगराजन को 2-2 विकेट मिला। बल्लेबाजी करने उतरी गिरिडीह टीम के कप्तान पूर्व क्रिकेटर राजेश सिन्हा व अमित रंगराजन की जोड़ी ज्यादा अच्छा स्कोर खड़ा नहीं कर पाई। अमित रंगराजन दूसरे ओवर में ही केवल 6 रन बनाकर आउट हो गये जबकि राजेश सिन्हा ने अनुभव का परिचय देते हुए केवल 23 बॉल में 35 रन की पारी खेली,वही पूर्व रणजी प्लेयर संतोष तिवारी ने पारी को कुछ हद तक संभाला उन्होने केवल 17 गेंद में 30 रन का योगदान दिया।,रमेश यादव ने 32 रन का योगदान दिया ,पूर्व क्रिकेटर आभाष कुमार सिन्हा 3 रन,, पटेल कंडुलना 10 रन,मनीष सिंह 10,आलोक कुमार 12 ,रूपेश 7 रन का योगदान दिया,सब ने अच्छी पारी खेली,केवल 2 रन से गिरिडीह हार गई। वेट्रेन क्रिकेटर काफी खुश नजर आए और गिरिडीह ही नहीं सभी टीम के खिलाड़ियों ने पूर्व रणजी प्लेयर अविनाश कुमार को बधाई दिया है,भविष्य में ऐसा ही क्रिकेट टूर्नामेंट गिरिडीह में करवाएंगे। गिरिडीह टीम के कप्तान, राजेश सिन्हा और संतोष तिवारी ने संयुक्त रुप से कहा कि जल्द गिरिडीह में पुराने प्लेयर को एकत्रित करेंगे और एक अच्छा प्रयास करेंगे। पूर्व क्रिकेटर राजेश सिन्हा,अ०र्गनाइजर पूर्व रणजी अविनाश कुमार और पूर्व क्रिकेटर आभाष कुमार ने भी बाटे पुरुस्कार ।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विश्व मातृ दिवस पर आरोग्यम हॉस्पिटल की अच्छी पहल

### दो दिवसीय फ्री मेगा हेल्थ चेकअप कैंप की शुरुआत की, पहले ही दिन 70 महिलाओं ने कराया इलाज़

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




विश्व मातृ दिवस के अवसर पर रविवार को हजारीबाग के एकलौते सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एचजेडबी आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक अच्छी पहल की है। हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा इस उपलक्ष्य में दो दिवसीय निःशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप की गई है। जिसकी शुरुआत 08 मई को विधिवत रूप से ह०स्पिटल की वरीय और अनुभवी विशेषज्ञ महिला चिकित्सक डॉ. रंजना शरण, डॉ.पूर्णिमा सिंह और डॉ.सुधा भेंगरा ने यहां पंहुची माता - बहनों के चिकित्सीय जांच के साथ की। कैंप में पहले ही दिन स्वास्थ्य जांच को लेकर कुल 70 महिलाओं की भीड़ पंहुची। इस कैंप का समापन 09 मई को होगा। कैंप आरोग्यम हॉ. स्पिटल परिसर में ही किया जा रहा है। कैंप में आरोग्यम हॉस्पिटल की वरीय और अनुभवी विशेषज्ञ महिला चिकित्सक डॉ. रंजना शरण, डॅर.पूर्णिमा सिंह और डॉ.सुधा भेंगरा अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं और सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ उचित इलाज के लिए विशेष परामर्श भी उपलब्ध करा रहीं हैं। कैंप में जरूरतमंद महिलाओं का मुफ्त में ब्लड प्रेशर, शुगर, हिमोग्लोबिन जांच, एक्स- रे कर उन्हें दवाई भी 50 प्रतिशत की छूट पर उपलब्ध कराया गया। कैंप में इलाज कराने वाली अधि. कतर महिलाओं में ज्यादातर थायराइड एवं शुगर की समस्या देखी गई।



कैंप के बाबत हॉस्पिटल निदेशक हर्ष अजमेरा ने बताया कि मातृ दिवस पर जो सबका ख्याल रखती हैं उन मातृशक्ति के सम्मान में हमारा यह कैंप आयोजित हैं। हर्ष अजमेरा ने कहा कि माताओं एवं बहनों के स्वास्थ्य के लिए आरोग्यं अस्पताल प्रबंधन प्रतिबद्ध है एवं हमेशा इनके बीच स्वास्थ्य जागरुकता के साथ इन्हें सर्वश्रेष्ठ सेवा देने का प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने कैंप का लाभ उठाने हेतु मातृशक्ति को बढ़- चढ़कर भाग लेने का अपील भी किया । कैंप के प्रथम दिन इसे सफल बनाने में हॉ. स्पिटल की एडमिस्ट्रटर जया सिंह, मार्केटिंग प्रबंधन से जुड़े राजीव रंजन, राकिब अन्य कर्मी रवि सिंह, रौशन, देवराज, बबिता, लीजा, रितु, बिंदू सहित अन्य का सरहनीय योगदान रहा ।

## भव्य भंडारा के साथ यज्ञ का हुआ समापन

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला के पचंबा थाना क्षेत्र स्थित परसाटांड़ में चल रही रुद्र महायज्ञ का आज भव्य भंडारा के साथ संपन्न हो गई। भंडारा में भक्तो और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बहुत ही अच्छी व्यवस्था प्रदर्शन किया। लोग आ रहे थे भंडारे का प्रशाद ग्रहण कर रहे थे। हजारों बच्चें,जवान, बुजुर्ग महिला, पुरुषों ने भंडारे का प्रशाद ग्रहण किया। यज्ञ देवनगरी परसाटांड़ परीसर में हो रही थीं। समाजसेवी सह परसाटांड़ पंचायत के निवर्तमान मुखिया निर्मल वर्मा ने यज्ञ कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार दो मई से यज्ञ प्रारंभ प्रारंभ होकर आज रविवार नौ मई को समाप्त हुई। यज्ञ को विधिवत् रूप से पूर्ण करने हेतु यज्ञाचार्य श्री नरोतम दास जी महाराज अयोध्या से पधारे हैं और कथावाचक केरुप में श्री पारसमणी जी महाराज अयोध्या से, कथावाचिका के रुप में साध्वी विज्यालक्ष्मी जी जनकपुर (नेपाल) से पधारी थे। आज के इस भव्य भंडारा में कई नामी गिरामी समाजसेवियों ने भाग लिया जिनमे मुख्य रुप से निर्मल वर्मा, राजेश वर्मा, मनोहर वर्मा, दीपक साह, सहदेव राणा, पुरषोत्तम राणा, रामदेव प्रसाद वर्मा, महेंद्र कुमार वर्मा, दीपा कुमारी वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, जगदीश महतो, प्रसादी वर्मा, रवि कुमार वर्मा, सचिन कुमार वर्मा बासुदेव वर्मा, अनवर अंसारी सहित सैंकड़ों लोग शामिल थे।

## सेव के सहारे तुलेश्वर, भाई देवल यादव का प्रतिष्ठा लगा दाँव पर,

### बच्छई पंचायत से है मुखिया उम्मीदवार, जनसम्पर्क कर जनता से माँगा वोट

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



पंचायत चुनाव का पहला चरण अब जोर पकड़ने लगा है। अपने पक्ष में मतदाताओं को रिझाने के लिए उम्मीदवार घर घर पहुँच रहे है। बात बच्छई पंचायत की करें तो वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र रजक को रामलखन राणा कड़ी टक्कर दे रहे है वही नकुल रजक भी जीत का दावा कर रहे है। वही बच्छई पंचायत के वर्तमान उपमुखिया प्रतिनिधि देवल यादव के लिए भी बच्छई पंचायत का मुखिया पद प्रतिष्ठा का सीट बन गया है। यादव बहुल बच्छई पंचायत से अपने जीत की उम्मीद पाले देवल यादव ने अपने भाई तुलेश्वर यादव को चुनावी मैदान में उतार कर चुनाव को दिल. चस्प बना दिया। तुलेश्वर यादव में चुनावी अभियान को तेज कर जनसम्पर्क अभियान चलाना शुरू कर दिया है। वही देवल यादव ने बच्छई पंचायत के जनता से अपील किया कि तुकेश्वर यादव को वोट देकर मुखिया बनावे। तुलेश्वर का सहारा अब सेव बना हुआ, सेव छाप चुनाव चिन्ह लेकर तुलेश्वर जनता को अपने पक्ष में रिझाने में लगे है । अब आने वाला वक्त बतलायेगा की बच्छई की जनता किस उमीदवार पर अपना विश्वास जताती है।

## पश्चिमी जिला परिषद सदस्य के लिए यासमीन निशा ने पेश की दावेदारी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



गुरुचट्टी निवासी यासमीन निशा,पति मोहम्मद इब्रा. हिम ने अनुमंडल कार्यालय में पश्चिमी जिला परिषद सदस्य के लिए पर्चा भर कर दावेदारी पेश की। नामांकन के बाद समर्थकों ने पुष्पगुच्छ देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। यासमीन निशा ने कहा कि पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र के अंतर्गत चहुमुखी विकास करना मेरा लक्ष्य होगा। नारी सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी सु. विधा, सरकारी योजनाओं का लाभ, वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन बनाने पर विशेष रूप से प्राथमिकता दी जाएगी। आगे उन्होंने ग्रामीणों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

APEM LIVE









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के लिए ऐतिहासिक दिन कई पुरस्कार पुरस्कार मिली

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को अपनी कोयला खदान में उत्कृष्ट सुरक्षा बनाए रखने के लिए 64वें वार्षिक खनन सुरक्षा सप्ताह 2021 के लिए सात पुरस्कारों से नवाजा गया।पुरस्कार वितरण समारोह 7 मई को खनन सुरक्षा महानिदेशालय के तत्वावधान में सीसीएल के बचरा, पिपरवार क्षेत्र में आयोजित किया गया। डीजीएमएस कोडरमा और रांची क्षेत्र के 64 वें वार्षिक सुरक्षा सप्ताह पुरस्कार वितरण और 2021 के समापन दिवस की पूर्व संध्या पर, परियोजना ने निम्न. लिखित 7 पुरस्कार जीते हैं जिनका उल्लेख निम्नानुसार है–श्धूल दमन और अग्निशमनश के लिए,लाइटंगश के लिए ,खुदाई उपकरण को बिजली आपूर्तिश के लिए , क्रशर,फीडर,ब्रेकर सीएचपीश के लिए,

परिवहन योजनाश के लिए इन सभी इवेंट में सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा स्टालश के लिए प्रथम पुरस्कार देकर एनटीपीसी कोल माइंस पकरी बरवाडीह को सम्मानित किया गया। कोल माइंस पकरी बरवाडीह के महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव, महाप्रबंधक, पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने टीम के प्रयासों की सराहना की और उन्हें संगठन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रोत्सा. हित किया।

पुरस्कार वितरण के मौके पर सीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पी.एम प्रसाद ,प्रशांत श्रीवास्तव अमित कुमार दुबे (महाप्रबंधक, सुरक्षा), बिस्वजीत चक्रवर्ती (अपरमहाप्रबंधक, खनन), पवन वसंतराव खंडवे (अप. रमहाप्रबंधक, खनन) और राजेंद्र प्रसाद (उपमहाप्रबंधक, सुरक्षा) से पुरस्कार प्राप्त किया।

## शविश्व थैलेसीमिया दिवसश पर लगाया गया रक्तदान शि.

### वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया एवं श्रीनिवास ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजित

**अपेम लाइवः ओरिया**



शविश्व थैलेसीमिया दिवसश के उपलक्ष्य पर दिन रविवार को वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया एवं श्रीनिवास ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर थैलेस. ीमिया पीड़ित बच्चों एवं जरूरतमंदों के सहायतार्थ में लगाया गया। शिविर का शुभारंभ डा नीरज उज्जैन ने रक्तदान कर किया। साथ ही रक्तदाताओं के बीच संस्थान व ब्लड बैंक के विशेष सहयोग से सर्टिफिकेट व इलाज के दौरान पांच हजार का सहयोग राशि का कूपन भी दिया गया। गौरतलब है कि लगातार वर्ल्ड केयर फाउंडेशन अ०फ़ इंडिया एवं श्रीनिवास ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में थैलेसीमिया पीड़ित मरीजों को निशुल्क रक्त उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से उप. स्थित डबल्यूसीएफआई अध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि संस्थान सामा. जिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। इसलिये पीड़ितों की सेवा. र्थ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर को सफल बनाने में डबल्यूसीएफआई सेवा सैनिक ऋषभ ऋषि, ज्योति राय, श्रीनिवास ब्लड बैंक के कर्मी अमित यादव, मोकिम अंसारी, बिष्णु महतो, लीना जायसवाल, शिवानी सिन्हा एवं उष्षा कश्यप ने सहरानीय योगदान दिया। शिविर में रक्तदान करने वालों में से ऋषभ ऋषि, अनुभव सिन्हा, यश राज, अजय कुमार राणा, ऋषभ राणा, लक्ष्मण पासवान, संजय उरांव, चंद्रशेखर उरांव, अजय कुमार पा. सवान, राहुल कुमार, लालबहादुर महतो, कुमार उत्सव सहित कई रक्तदाता शामिल थें।

## भाजपा नेत्री मनोरमा राणा को दिल्ली में किया गया सम्मानित

**अपेम लाइवः ओरिया**




हजारीबाग भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री, समा. जसेविका सह स्वास्थ्य संयो. जिका मनोरमा राणा को श्मातृ दिवसश की एक दिन पूर्व दिन शनिवार को दिल्ली की जनकपुरी में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मा. नित किया गया। यह सम्मान समारोह गर्ल्स क्लब के द्वारा श्मदर्स डेश के उपलक्ष्य पर उम्मीद से उपलक्ष्य तक के नाम पर आयोजित हुआ। जिसमें स्वास्थ्य के क्षेत्र में एंव समाजसेवा के क्षेत्र में बेहत. रीन कार्य करने वाली मऺि. हलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में झारखंड की दो महिला एक मनोरमा राणा और सोनी कुशवाहा नोमिनेटेड थी। सम्मान समारोह के दौरान राज मणि एवं भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा के हाथों बेहतर समाजसेवा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में मनोरमा राणा को स्मृति चिन्ह, सर्टिफिकेट व गुलदस्ता भ. ेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मनोरमा राणा ने कहा कि यह सम्मान सेवा के दौरान हजारीबाग के लोगों के द्वारा मिले आशीर्वाद का परिणाम है।

## स्लिम वोटरों ने दिखाई एकजुटता तो चुनाव जीत सकते है मो रिजवान : महबूब अंसारी

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



जिला परिषद भाग दो का चुनाव अब दिलचस्प मोड़ पर आने लगा है। सभी उम्मीदवार अपने अपने जीत की सम्भवनो को तलाशने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे है। भाग दो से आने वाले उम्मीदवार जाती समीकरण पर पकड़ मजबूत बनाने में जुटे है। इसी कड़ी में केबीएसएस प्लस दो उच्च विद्यालय में शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षक महबूब अंसारी ने अपना विचार रखते हुए कहा कि जिला परिषद भाग दो में कई उम्मीदवार है कौन जीतेगा कौन हारेगा अभी कहना मुश्किल है। अपनी प्रतिक्रिया देते हुए महबूब ने कहा कि जिला परिषद भाग में आने वाले मुस्लिम मतदाताओं ने अगर एकजुटता दिखाई तो मो रिजवान अंसारी चुनाव जीत सकते है। मो रिजवान जितने भी उम्मीदवार खड़े से सबसे ज्यादा शिक्षित है । कहा मुस्लिम मदाताओ को सब उम्मीदवार अपना पर्सनल वोट समझते है और चुनाव जीतने के बाद मुस्लिम वोटरों को भूल जाते है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर उम्मीदवार मो रिजवान ने बताया कि मुझे सभी वर्गों का वोट मिलने वाला है सभी वर्गों का जनसमर्थन मिल रहा है। कहा जनता हमे एक बार मौका दे जात पात की राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र का विकास करूँगा।

## जमडीहा में आयोजित देवी भागवत ज्ञान महायज्ञ में पांचवें दिन पहुंची :- देवी ज्योति शास्त्री

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड के गादी पंचायत अंतर्गत जमडीहा गांव में श्री श्री 108 मां भगवती, पार्वती एवं हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह देवी भागवत ज्ञान महायज्ञ के पां. चवें दिन श्री छोटे सरकार एवं श्रीमती देवी ज्योति शास्त्री जी तथा वाराणसी से चलकर आए कथावाचक श्री ओम प्रकाश जी महाराज,बोडो पचंबा से श्री रामानंद शास्त्री एवं श्रीमति देवी ज्योति शास्त्री जी श्री छोटे सरकार जी ने भी कथा सुनाए हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किए कथा संपन्न होने के बाद महाप्रसाद वितरण किया गया इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे यज्ञ समिति अध्यक्ष संतोष सिंह,सचिव दशरथ सिंह, कोषाध्यक्ष जनार्दन राम, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, मुख्य पुजारी श्री रामप्रसाद सिंह, के साथ ही हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे ।

APEM LIVE









डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित एडिटर: सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ0 अनिल कुमार